संसद सदस्यों ने डा. राजेन्द्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी

...

नई दिल्ली, 03 दिसम्बर, 2023 : राज्यसभा के उपसभापति, श्री हरिवंश; राज्य मंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल; संसद के सदस्य; पूर्व सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने आज संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोकसभा और राज्यसभा के महासचिव क्रमशः श्री उत्पल कुमार सिंह और श्री पी.सी.मोदी ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित डा. राजेन्द्र प्रसाद के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

डा. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डा. एस. राधाकृष्णन ने 5 मई, 1964 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था।